

PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर २

# सत्यम, ज़रा संभल के!

**Author:** Yamini Vijayan
**Illustrator:** Vishnu M Nair
**Translator:** Madhubala Joshi



चुलबुला सत्यम चैन से नहीं बैठ सकता!

वह दौड़ता है, छलाँगे मारता है, चक्कर काटता है और कलामुंडियाँ खाता है...

...और गिर भी जाता है!





"ज़रा चैन से बैठ जा," बाबा कहते।

"चोट लगे तो फिर रोते हुए मेरे पास मत आना," दीदी कहती।






"कहीं कुछ तोड़ मत देना," दादा समझाते।

"पूरी कक्षा सिर पर उठा रखी है," स्कूल में मैडम कहतीं।




लेकिन सत्यम बेचारा क्या करे,
उस के हाथ-पैर तो हरदम हरकत करते रहते हैं!





आज रविवार है।

सत्यम को रविवार का इंतज़ार रहता है क्योंकि हर रविवार वह माँ के साथ खेत पर जाता है।



खेत घर से बहुत दूर है। रास्ते में पड़ते हैं खेत, टेढ़ी–मेढ़ी पगडंडियाँ, घना जंगल और कलकल-छलछल बहते झरने भी।


सत्यम ख़रगोश क तरह **फुदका**, उसने हरण क तरह **कुलाँचे** भरीं...

"अरे! संभल कर! कीचड़ में फिसल मत जाना," माँ ने कहा।



वह कनखजूरे की तरह **सरका** और साँप की तरह **रेंगा**।
"ज़रा काँटों से बचना," माँ ने ज़ोर से कहा।





वह मकड़े की तरह **झूला** और लँगूर की तरह **कूदा**।

**"व्ही!!!"**

"अरे बंदर, ज़रा मज़बूत डाल पकड़," माँ  ने डर कर कहा।



उसने बतख़ की तरह पैरों से **चप्पू चलाया** और मेंढक की तरह **तैरा**।

"गहरे पानी में मत जाना बेटा," माँ ने होशियार किया।



वह छिपकली की तरह ऊपर **चढ़ा** और बकरी की तरह **कूदा**।

" ज़रा पैर जमा कर!" माँ ने घबरा कर कहा।



सत्यम ने अपनी बाँहें पँखों की तरह फैलाईं और **उड़ने** की कोशिश की।
उसने मन ही मन सोचा कि मैं चील की तरह आसमान में **उड़** रहा हूँ - बादलों पर **तैर** रहा  हूँ, बिना पँख फड़फड़ाए!





सूरज डूबने के बाद देर शाम को जब झींगुरों ने अपना राग आलापना शुरू किया, तब घर जाने का समय हो गया।

थक कर सत्यम माँ की पीठ पर **लद** गया। दोनों ऊँची-नीची पगडंडियों पर चढ़ते उतरते, खेत-जंगल-झरने पार करते घर लौटे।



वह घर पहुँचा तो उसे कीचड़–मिट्टी से सना देख बाबा, दीदी और दादा खूब हँसे।



दादा ने उसे नहलाया।
बाबा ने बढ़िया खाना पकाया।
दीदी ने मनपसंद कहानी सुना कर सुलाया।



सपने में सत्यम दौड़ा और कूदा और घूमा और उसने कलामुंडियाँ खाईं...



... और उड़ चला। ऊपर! और ऊपर!



## वे कितनी तरह की चाले चलते हैं?

उफ़! कैसी-कैसी चाल चलता है सत्यम! जानते हो, जानवर, पंछी और कीड़े-मकोड़े भी अलग-अलग कारणों से अलग-अलग तरह की चाल चलते हैं।

हमारी ही तरह वह भी ज़्यादातर बढ़िया खाने और रहने की आरामदेह जगह या प्यार करने वाले परिवार की तलाश में एक से दूसरी जगह घूमते-फिरते हैं। कभी-कभी वे अपने उन दुश्मनों से बचने के लिए भी घूमते-फिरते हैं जो उन्हें पकड़ कर खा सकते हैं। पता कीजिये कि जीव कितनी तरह से चलते-फिरते हैं।





सूँस यानि डॉल्फ़िन पानी से बाहर छलाँग लगाने के लिए जानी जाती हैं। क्या आप **छलाँग** लगा सकते हैं??




ज़मीन पर रहने वाले जीवों में चीते सबसे ज़्यादा तेज़ी से दौड़ते हैं। वह फर्राटे भी लगाते हैं। क्या आप **फर्राटे** लगा सकते हैं?



केंकड़े सामने सीधे चलने के बजाय बाएँ या दाएँ चल सकते हैं। क्या आप बिना बाएँ या दाएँ मुड़े ऐसी आड़ी चाल चल सकते हैं?



टिड्डे अपने आकार की तुलना में कई ज़्यादा ऊँची कुदान मार सकते हैं। ख़ासतौर से तब, जब वह किसी शिकार करने वाले जीव की पकड़ में आने से बचना चाहते हों। क्या आप इतनी ऊँची कुदान मार सकते हैं?



घोंघे बहुत धीरे-धीरे घिसटते हैं। बहुत ही धीरे-धीरे। क्या आप इतनी **धीमी चाल** चाल सकते हैं?

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: सत्यम, ज़रा संभल के! is translated by Madhubala Joshi . The © for this translation lies with Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'Satya, Watch Out!', by Yamini Vijayan . © Pratham Books , 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

This book was first published on StoryWeaver by Pratham Books. The development of this book has been supported by Oracle. Art Director: Kaveri Gopalakrishnan

## Images Attributions:

Cover page: A mother calling out to her son, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: A boy moving constantly, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: A man reading the newspaper, a girl reading from a book, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: An old man with a walking stick, a teacher in the class, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: A boy whose hands and legs are moving , by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: A mother and a son on top of a hill, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: A river flowing through a valley , by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: A boy hopping and leaping, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: A boy moving like a centipede and a snake by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: A boy moving like a spider and a langur by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

The development of this book has been supported by Oracle.

storyweaver PRATHAM BOOKS

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Images Attributions:

Page 11: A boy moving like a duck and a frog, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: A boy climbing like a lizard and jumping like a goat, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: A boy trying to fly, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: A boy on his mother's back, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 15: A family laughing together, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 16: A boy having a bath, eating dinner and going to bed at night, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 17: A boy wandering at night, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 18: A boy flying into the sky, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 19: Boy spinning and flying , by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 20: Dolphin and a cheetah, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 21: Crab, grasshopper and a snail, by Vishnu M Nair © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

The development of this book has been supported by Oracle.

# सत्यम, ज़रा संभल के!

(Hindi)

सत्यम माँ के साथ खेत पर जा रहा है। आओ हम भी उस के साथ कूदें, रेंगें, सरकें और चढ़ें।
यह कहानी हमारी तरह-तरह की और मज़ेदार चालों के बारे में है।

This is a Level 2 book for children who recognize familiar words and can read new words with help.

PRATHAM BOOKS
storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!